तापमान
अधिकतम 32.9 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार 1 मार्च 2026


14 अंबाला कैंट के विकास को मिलेगी नई उड़ान…


14 सीएम नायब सैनी ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा …

# कुरुक्षेत्र विवि की वॉलीबॉल टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में उपविजेता बनी

इससे पूर्व कुवि की टीम नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) चैम्पियनशिप 2025-26 में बनी थी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल (पुरुष) टीम ने सत्र 2025-26 की ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान (उपविजेता) प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर में आयोजित की गई, जिसमें देशभर की प्रमुख विश्वविद्यालय टीमों ने भाग लिया।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा एवं कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेंद्र पाल ने भी टीम, कोच एवं प्रबंधन दल को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और इसे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय बताया। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो. दिनेश सिंह राणा ने टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना की।


कुरुक्षेत्र। विजेता को बधाई देते विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

### विवि. पिछले लगभग बीस वर्षों से नॉर्थ जोन प्रतियोगिताओं में लगातार रहा है विजेता

इससे पूर्व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) चैम्पियनशिप 2025-26 में विजेता रही थी। नॉर्थ जोन में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद टीम ने ऑल इंडिया स्तर पर भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। टीम कप्तान आदित्य राणा के नेतृत्व में अंकुश, अमित रांता, रजनीश सिंह, रितिक, विशाल एवं मनजीत सिंह ने पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया और निर्णायक मुकाबलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल (पुरुष) टीम का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। विश्वविद्यालय पिछले लगभग बीस वर्षों से नॉर्थ जोन प्रतियोगिताओं में लगातार विजेता रहा है तथा ऑल इंडिया स्तर पर भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करता रहा है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की मजबूत खेल परंपरा का प्रमाण है। टीम के कोच राजेश कुमार (वॉलीबॉल कोच, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय) एवं टीम मैनेजर डॉ. जितेंद्र कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर) के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

## खबर संक्षेप

### बाक्सिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ कल से

**थानेसर।** 2 से 7 मार्च तक आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष बॉक्सिंग चैंपियनशिप इस वर्ष कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और व्यवस्थाओं का निरंतर बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है। यह जानकारी खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने दी। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### गैंगरेप के आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**पानीपत।** जिले के सनौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत 16 वर्षीय किशोरी के साथ गैंगरेप करने और उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चार युवकों के खिलाफ पोक्सो एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार वारदात बीते 20 फरवरी 2026 की है। आरोप है कि नामजद आरोपी पीड़िता को बहला फुसलाकर सुनसान स्थान पर ले गए। वहां आरोपियों ने पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

### चोरी के मामले में आरोपी से कीमती जेवरात बरामद

**अंबाला।** सीआईए टू ने अंबाला की टीम ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जो चोरी की 42 वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपी की पहचान राहुल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग लगभग 2 लाख 50 हजार के जेवर बरामद किए हैं। इसी आरोपी से थाना महेश नगर के दो पुराने मामले में पहले भी 22 लाख के जेवर बरामद किए जा चुके हैं। आरोपी से तीन मामलों में लगभग 25 लाख रुपये के चोरीशुदा गहने बरामद किए जा चुके हैं। इस गिरफ्तारी से अकेले थाना महेश नगर क्षेत्र की कई बड़ी वारदातों की गुत्थी सुलझ गई है।

कुरुक्षेत्र के शाहाबाद की लक्की कॉलोनी में दर्दनाक हादसा

# हाईटेंशन तार पर बैठे कबूतर को उड़ाने के प्रयास में बच्चे की मौत


## आसपास की कई दुकानों के शटर फट गए और बिजली के उपकरण जले,पहले भी हो चुके हैं हादसे

» ट्यूशन पढ़कर घर आते ही बच्चा चढ़ गया था छत पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहाबाद

शनिवार सायं शाहाबाद की लक्की कॉलोनी में दर्दनाक हादसा हो गया जब 66 केवी बिजली की लाइन पर बैठे कबूतर को उड़ाने की कोशिश में 11 वर्षीय मासूम की जान चली गई। प्रत्यशदर्शियों के अनुसार लक्की कॉलोनी में रूबीना खान के घर के साथ 66 केवी की हाईटेंशन तार निकल रही है। सायं करीब 5 बजे 11 वर्षीय केशव रूबीना खान की छत पर चढ़ गया।

उसने देखा कि हाईटेंशन तार पर कबूतर बैठा है। तार पर बैठे कबूतर को उड़ाने के चक्कर में बच्चे ने पर्दा लटकाने वाली लोहे की रॉड उठाई और हाईटेंशन तार पर वार कर दिया। इसी के साथ जोरदार धमाका हुआ और बच्चा धूं धूं कर जलने लगा। मोहल्लावासियों ने धमाके की सूचना बिजली बोर्ड में दी और बिजली सप्लाई बंद करवाई। बड़ी संख्या में मोहल्ले के लोग छत पर भागे तो देखा कि केशव जल रहा था और लोगों ने केशव के परिजनों मिथलेश व रिंकी का साथ देते हुए उसे अस्पताल में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने केशव को मृत्त घोषित कर दिया।



मोहल्लावासियों ने बताया कि धमाका इतना भयंकर था कि आस पास की कई दुकानों के शटर फट गए और बिजली के उपकरण जल गए। जिस मकान की छत पर यह हादसा हुआ उस मकान की बिजली की पूरी वायरिंग व बिजली का मीटर जलकर राख हो गया। हादसे के कारण लगभग आधा किलोमीटर तक बिजली की वायरिंग को नुकसान हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी. कुरुक्षेत्र भेज दिया। वहीं मोहल्ले के लोगों ने कहा कि लक्की कालोनी में आबादी के बीच से जा रही इस हाईटेंशन तारों के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। प्रत्यशदर्शियों ने कहा कि इन तारों के कारण पहले भी दो लोगों की जान जा चुकी है। लोगों ने मांग की है कि इन हाईटेंशन तारों को हटाया जाए ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो।




फाइल फोटो

### बच्चे को जलते देखा तो सहम गई अलीशा

करीब 12 वर्षीय बच्ची अलीशा इस दर्दनाक हादसे की प्रत्यक्षदर्शी है। अलीशा ने कहा कि ट्यूशन से घर आते ही वह बैग रखकर छत पर गई और देखा कि केशव बुरी तरह से जल रहा था और बुरी तरह से चीख रहा था। यह देखकर अलीशा भी बेसुध हो गई और परिजन उसे नीचे लेकर आए और काफी देर बाद यह बच्ची सामान्य हुई।

पानीपत की खटीक बस्ती में दुर्घटना

### टाइल कारीगर की करंट से मौत पत्नी के मालिक पर गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

शहर की खटीक बस्ती में काम के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। जिसमें एक टाइल कारीगर की करंट लगने से जान चली गई। हादसा उस समय हुआ जब कारीगर काम पूरा करने के बाद लोहे के फीते मेजरिंग टेप से साइज ले रहा था और वह पास से गुजर रही 11000 वोल्टेज की हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान 23 वर्षीय मोहम्मद उजैफा के रूप में हुई है, जो टाइल और पत्थर लगाने का काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार उजैफा खटीक बस्ती में एक मकान में टाइल लगाने का काम कर रहा था।

- काम पूरा करने के बाद लोहे के फीते माप लेते समय हो गया बड़ा हादसा
- मृतक की पत्नी बोली-मकान मालिक नहीं दे रहा था मजदूरी के पैसे, लेने गया था पति

काम खत्म करने के बाद जैसे ही उसने साइज लेने के लिए लोहे का फीता निकाला, वह ऊपर से गुजर रही 11000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से छू गया। करंट इतना शक्तिशाली था कि उजैफा बुरी तरह झुलस गया। हादसे के बाद आनन-फानन में मकान मालिक उजैफा को लहूलुहान और झुलसी हुई हालत में अस्पताल लेकर पहुंचा। हालांकि डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वीं घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामान्य अस्पताल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है। हादसे के बाद मृतक की पत्नी ने मकान मालिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्नी का कहना है कि उजैफा की मजदूरी का पैसा काफी समय से रुका हुआ था और वह बार.बार मालिक से अपनी पेमेंट मांग रहा था, लेकिन मालिक पैसे नहीं दे रहा था। पत्नी के अनुसार आज भी उजैफा विशेष रूप से अपनी रुकी हुई पेमेंट लेने के लिए ही घर से निकला था, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत की खबर आ गई।

धोखाधड़ी

### ऑस्ट्रेलिया का स्टडी वीजा दिलाने के नाम पर 33 लाख रुपये की ठगी

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में शराब ठेकेदार ने अपने साथी एजेंट के साथ मिलकर स्टूडेंट को ऑस्ट्रेलिया का स्टडी वीजा दिलाने के नाम पर 33 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी फर्जी डॉक्यूमेंट दिखाकर स्टूडेंट से एडवांस पैसे लेते रहे। उन्होंने यकीन दिलाया कि जल्द ही उसका स्टडी वीजा लगेगा।

- शराब ठेकेदार ने अपने साथी एजेंट के साथ मिलकर की ठगी

हरमीत सिंह निवासी नगला ने पुलिस को बताया कि वह ऑस्ट्रेलिया पढ़ाई करना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात नलवी गांव के गुरजेंट सिंह से हुई। गुरजेंट ने उसे एजेंट युवराज सिंह हैरी से मिलवाया। फाइल शुरू करने के दिन युवराज ने अपने बैंक खाते में 20 हजार रुपये ट्रांसफर करवाए। अगले दिन उससे 20 लाख 80 हजार रुपए आरटीजीएस करवाए। युवराज ने उसे यकीन दिलाया कि उसकी फाइल लग चुकी है। युवराज उसके पास वीजा प्रोसेसिंग के डॉक्यूमेंट व्हाट्सएप पर भेजता रहता था।

# अनाधिकृत तीन कॉलोनियों पर चला नगर योजनाकार विभाग का पीला पंजा

- नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने लोगों की अवैध कालोनियों में निवेश नहीं करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



अनाधिकृत तीन कॉलोनियों में किए जा रहे अवैध निर्माण को जिला नगर योजनाकार विभाग ने जेसीबी मशीन की मदद से ढ़हा दिया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अपनी मेहनत की कमाई को अवैध कालोनियों में प्लाट आदि खरीदने में निवेश नहीं किए जाने की अपील की। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र यमुनानगर जगाधरी में पडने वाले राजस्व संपदा मौजा हरनौल,रादौर व कुंजल कांबोयन में तीन अनाधिकृत कॉलोनियां विकसित की जा रही थी। जिनमें अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने के दौरान मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में एएमओ जगाधरी अश्विनी चंद्र तैनात किए गए। वहीं, क्षेत्रान्वेषक रवि दत्त भी मौजूद रहे।

### कार्रवाई से पहले दिए थे नोटिस

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि तीनों कॉलोनियों में कार्रवाई किए जाने से पहले अर्बन एरिया एक्ट 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर लोगों द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई तथा भू मालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं लेने के कारण इस अवैध कॉलोनी में तोड़ फोड़ की कार्रवाई की गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने आमजन से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति किसी अवैध कॉलोनी निर्माण में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि फिर भी कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा।

तीन के खिलाफ केस दर्ज

### कार से टक्कर होने पर बाइक सवार डिलीवरी ब्वाय को बंधक बनाकर पीटा

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में लग्जरी कार से बाइक सवार डिलीवरी ब्वाय की टक्कर होने पर आरोपी कार चालक चालक ने अपने साथियों के साथ उसे बंधक बनाकर मारपीट की गई। जानकारी के अनुसार हुड्डा सेक्टर-18 निवासी रविंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह डिलीवरी ब्वाय का काम करता है। 26 फरवरी को रात नौ बजे वह खाना सप्लाई करने के लिए बाइक पर जा रहा था। जब वह जिंदल अस्पताल के पास से मेन रोड पर जाने लगा तो उसकी लग्जरी कार से टक्कर हो गई। जिसके बाद आरोपी कार चालक ने उसके साथ बहस शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी उसे अपने साथ एक घर में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे घर में बंधक बनाकर अपने तीन अन्य साथियों के साथ उसके साथ मारपीट की। जिसके बाद वह घायल हो गया। इसके बाद आरोपी उसे बाहर छोड़कर चले गए। आरोपियों में एक मोहित नाम का युवक था।

- आरोपी कार चालक ने घर ले जाकर अपने साथियों के साथ मिलकर पीटा

सड़क हादसा

### डंपर की टक्कर लगने से एक्टिवा सवार महिला की मौत, ससुर घायल

**यमुनानगर।** सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड पर पश्चिमी यमुना नहर पुल के पास डंपर की चपेट में आने से एक्टिवा सवार महिला की मौत हो गई जबकि उसका ससुर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी वर्कशाप निवासी 32 वर्षीय सुजाता की शादी उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के सरसावा में हुई थी। सुजाता अपने मायके आई हुई थी। शाम को जब वह अपने ससुर के साथ वापस अपने ससुराल जा रही थी तो सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड पर पश्चिमी यमुना नहर पुल के पास तेज रफ्तार डंपर ने उसकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में सुजाता एक्टिवा से उछल कर डंपर के आगे गिर गई। आरोपी डंपर चालक उसे कुचलता हुआ आगे निकल गया। हादसे में सुराजा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका ससुर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया।

- मृतक सुजाता मायके से ससुर के साथ ससुराल जा रही थी, तभी हो गई दुर्घटना

श्री कृष्ण कृपा गोशाला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

# नंद के घर आनंद भयो...भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

- श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ डिप्टी सीएमओ डॉ. जगविन्द्रर सिंह ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा गोशाला में होली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ डिप्टी सीएमओ डॉ. जगविन्द्रर सिंह, जीओ गीता के जिला प्रधान डॉ. ऋषिपाल उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुमन, श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्वार सभा के मुख्य सलाहकार जय नारायण शर्मा, प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, धन्ना भगत स्कूल के प्रधान जगतार सिंह काजल, डॉ. रजूल गोयल, ईशा गोयल, कर्म सिंह सैनी, राजेन्द्र कुमार, ओम सिंह, श्रीमती संतोष मढ़ाण, मुकेश देवी मढ़ाण, सीता राम भाटिया, ओम सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया। सभी यजमानों ने भागवत जी की पूजा अर्चना की और आरती उतारी। समिति की ओर से गौशाला के प्रधान सुनील वत्स, मंगत राम जिंदल, हंसराज सिंगला, रमाकांत, पवन भारद्वाज, अशोक अरोड़ा तथा अन्य पदाधिकारियों ने यजमानों का स्वागत किया। प्रसिद्ध कथावाचक गोविंद मोद्गिल शास्त्री ने सभी यजमानों को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। चतुर्थ दिवस की भागवत कथा में व्यासपीठ से गोविंद मोद्गिल शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। श्रद्धालु पीले वस्त्रों से सजधज कर अपने लाडले कन्हैया का स्वागत एवं वंदन के लिए आए हुए थे। इस दिव्य अवसर का सभी श्रद्धालुओं ने खूब आनंद उठाया। व्यासपीठ को कन्हैया के स्वागत के लिए गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था। नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के भजन पर श्रद्धालु जमकर नाचे। शास्त्री जी ने कहा कि कंस की भक्ति भय वाली है, बांके बिहारी इतने दयालु है, कि आदम से आदम व्यक्ति अगर अंतिम समय में वृंदावन में जाकर एक बार बांके बिहारी का नाम ले ले तो भगवान उसे अपना लेते है।




# गांव मनाना में करोड़ों के घोटाले की जांच करने पहुंची एसीबी की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- एसीबी की टीम ने गांव के विकास कार्यों का रिकॉर्ड जुटाया।

खंड के गांव मनाना में विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपए के गबन और अनियमितताओं का बड़ा मामला सामने आया है। राज्य सतर्कता ब्यूरो को भेजी गई एक शिकायत में ग्राम पंचायत की सरपंच रेखा देवी, ग्राम सचिव शहजाद अली, एसडीओ कमल और जेई अमन पर पिछले 5 महीनों में लगभग 3 करोड़ रुपए के विकास कार्यों में धांधली करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जिसकी जांच.पड़ताल करने एसीबी की टीम यहां बीडीपीओ पहुंची।

जहां से उन्होंने गांव के विकास कार्यों का रिकॉर्ड जुटाया। शिकायतकर्ता संदीप राठी व धर्मपाल ने बताया कि अधिकारियों को सबूत सहित दस्तावेज दिए गए। जिसके अनुसार अधिकारियों ने माना कि बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है और अधिकारियों द्वारा मौके पर ही ग्राम सचिव शहजाद अली को रिकॉर्ड में कटिंग व छेड़छाड़ करने के कारण फटकार लगाते हुए कहा कि आपने अपनी ड्यूटी को सही से नहीं किया है। ग्राम सचिव द्वारा अपनी गलती को मानते हुए अधिकारियों को बताया कि उसके द्वारा जो पेमेंट फर्मों को की गई है।

**खबर संक्षेप**

## आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों में भारी आक्रोश

**घरौंडा।** शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। कॉलोनियों, बाजारों और गली-मोहल्लों में कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे आमजन का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा खतरा बच्चों और बुजुर्गों को बना हुआ है। घरौंडा क्षेत्र में आए दिन कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे दहशत का माहौल है। रेलवे रोड,सीता नगर,सुनारो वाली गली,तक हालात बेहद गंभीर बताए जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों व सूत्रों के अनुसार कॉलोनी में करीब दर्जनों पागल कुत्ते पिछले छह माह से डेरा डाले हुए हैं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निगम ने कसी कमर

**करनाल।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय की पहल स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत मार्च माह में कभी भी करनाल जिले का सर्वेक्षण किया जा सकता है। इसे लेकर नगर आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने नगर निगम की सफाई शाखा के अधिकारियों व नगर पालिका सचिवों के साथ समीक्षा बैठक कर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार को निगम क्षेत्र का मूल्यांकन टूलकिट के अनुसार करने तथा उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा को जिले की छह नगर पालिकाओं का दौरा कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर लोगों को होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी

# विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने जनसमस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

बजट सत्र में व्यस्त होने के बावजूद भी हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण अपने विधानसभा क्षेत्र में लोगों से मिलने पहुंचे और उनको होली पर्व की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं दी। हरविन्द्र कल्याण अपने क्षेत्र के लोगों को वास्तव में अपना परिवार मानते है और उसी दृष्टि से व्यस्तता के बाद भी लोगों के सुख-दुख में हर समय खडे रहते है। इसी कड़ी में शनिवार को कल्याण फार्म पर हरविन्द्र कल्याण ने लोगों की सामूहिक व निजी समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का समाधान किया।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए वे लोगों के बीच में जाकर न केवल लोगों की समस्याएं सुनते है बल्कि मौके पर ही उनका समाधान करने का भरसक प्रयास करते है। शनिवार को कल्याण फार्म पर काफी संख्या में लोग विधानसभा अध्यक्ष में मिलने के लिए आए और अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। कुछ लोगों ने धार्मिक व अपने निजी कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण दिया। जन-सुनवाई के दौरान फूसगढ़ गांव में पाल समाज की चौपाल की चार दिवारी रसोईघर व एक कमरे के निर्माण की कार्य की शुरूआत करने, नाला पक्का करवाने, स्कूल को अपग्रेड करवाने, पीएचसी बनवाने, एससीबीसी कॉलोनी में गलीयां व सिवरेज डलवाने बारे अनुरोध किया है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि गांव के लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ आवश्यक मिलेगा। इसी प्रकार से गांव पूंडरी निवासी मोनिका ने अम्बेडक़र नवनीकरण आवसीय योजना के तहत मकान मरमत के लिए स्वीकृत 80 हजार रुपये की अनुदान राशि का लाभ दिलवाने बारे आवेदन दिया। इस पर हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि यह अनुदान राशि का जल्दी ही लाभ मिलेगा। कल्याण ने जनसुनवाई के दौरान कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज करनाल व शुगर मिल करनाल के कर्मचारियों ने स्कोरटी मेन से नाम बदल कर स्कोरटी गार्ड करने और नियमानुसार वेतन दिलवाने के विषय पर कहा कि सारे मामले की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से बात की जाएगी।





घरौंडा। लोगों की समस्याएं सुनते हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण तथा लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया।

### आश्वासन दिया

गांव झिमरेहडी निवासी सलिंद्र मोकल, राजेश नंबरदार, जसबीर फौजी सहित ग्रामीणों ने रिंग रोड के साथ रास्ता पक्का करवाने व गांव में पानी निकासी के लिए नाले का निर्माण करवाने बारे आवेदन दिया। इस पर अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि इन कार्यो को आवश्यक पूरा करवाया जाएगा।

### सब कार्यों को पूरा करवाया जाएगा

इसी प्रकार से गांव शाहजानपुर (धयाना)निवासी सतपाल वाल्मीकि चौपाल के अधूरे पड़े कार्य को पूरा करवाने के लिए अनुरोध किया। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी चौपाल को अधूरा नहीं रहने दिया जाए। गांव रायपुर जाटान के निवासी रोहताश पहलवान ने गांव में फिरनी का निर्माण करवाने तथा बीपीएल कॉलोनी में पीने के पानी की लाइन बिछवाने, गलियों का निर्माण करवाने तथा वाल्मीकि भवन में एक बड़ा हॉल बनवाने के लिए अनुरोध किया। अध्यक्ष ने इस पर कहा कि इन सब कार्यो को हर संभव पूरा करवाया जाएगा।



तरावड़ी। मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रकाश चंद का सम्मान करते निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा व स्टाफ।

# विज्ञान प्रदर्शनी में वैज्ञानिक प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में एन .आई. टी. कुरूक्षेत्र से प्रोफेसर डॉ प्रकाश चंद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विज्ञान प्रदर्शनी का आरंभ डॉक्टर सी 0वी0 रमन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉक्टर प्रकाश चंद ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का अवलोकन किया और उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर आकर्षक और उपयोगी मॉडल तैयार किए। दैनिक जीवन में विज्ञान का उपयोग, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, आदि विषय शामिल थे। प्रत्येक मॉडल विद्यार्थियों की मेहनत, कल्पनाशीलता और वैज्ञानिक समझ को दर्शा रहा था। विभिन्न विषयों पर मॉडल तैयार करवाने में तथा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने में डॉक्टर श्यामानंद का मुख्य योगदान रहा। मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रकाश चंद ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिलता है।विद्यालय संरक्षक मधु गुप्ता ने अपने संदेश में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा और संस्कारों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार रहना चाहिए। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने बेहतर शिक्षा प्रदान करने के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन के जीवन के विषय में बताया।

### ये रहे मौजूद

इस आयोजन में सुनीता गाबा, मनीष मित्तल, छवि सिंगला, डिंपल सचदेवा, दिनेश राणा, अमित शर्मा,हरीश धैया ,व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीलोखेड़ी

एस डी एम एन विद्या मंदिर के जूनियर विंग में आज वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत करके लोगों का मन मोह लिया। स्कूल के करीब 400 से ज्यादा बच्चों ने देश भक्ति एवं धार्मिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षा समिति के महासचिव शिव नाथ कपूर ने बयाया कि इस क्षेत्र में संभवत सबसे पुरानी संस्था का यह विद्यालय है जहां 2000के करीब छात्र पढ़ते है। स्कूल में मौलिक शिक्षा के साथ साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाता है ।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के विशेष प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने अपने संबोधन में आधुनिकता की अंधी दौड़ का अंधअनुसरण न करने का आह्वान करते हुए अपनी संसकृति एवं सांस्कृतिक का भी पाठ पढाया जाए। उन्होने बच्चों की प्रस्तुती की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित ही करीब 7 दशक पुरानी शैक्षणिक संस्था के प्रति अभिभावकों का विश्वास कायम रखना किसी उपलब्धी से कम नहीं । प्रस्तुति देने वाले सभी बच्चो को स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित भी किया।



नीलोखेड़ी । कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के बच्चे ।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सूरज दुआ, ज्ञान चंद अरोड़ा, सुभाष त्रेहन,सुरेंद्र भाटिया,रवींद्र मैहरा,प्रचार्या श्री मति रेखा चौहान एवं दीपिका जुनेजा सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।



## गीता मॉडर्न स्कूल में विज्ञान दिवस मनाया

**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। स्कूल के छात्रों ने विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं पर मॉडल बनाकर अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। स्कूल के छात्रों ने गति के प्रकार, मानव कंकाल, पृथ्वी का घूर्णन, स्मार्ट सिटी, पवन चक्की और गणित के विभिन्न अवधारणाओं पर मॉडल बनाए। इन मॉडलों ने छात्रों को वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझने में मदद की। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रागिनी राय जी ने छात्रों को उनकी रचनात्मक और नवाचारी मॉडलों के लिए बधाई दी और बताया कि 28 फरवरी, 1928 को सीवी रमन ने रमन प्रभाव की खोज की, जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी उपलब्धि की स्मृति में ये दिन मनाया जाता है। प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस आयोजन ने छात्रों में वैज्ञानिक जागरूकता और जिज्ञासा को बढ़ावा देने में मदद की। विज्ञान दिवस के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन किया गया और छात्रों को वैज्ञानिक अनुसंधान जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर अध्यापिका राजेंद्र कौर, स्मृति, नीरज एवं विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।

# विशेषज्ञों ने तकनीक व नैतिकता के संतुलन पर किया मंथन

- बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रंबा में संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रंबा में "कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में मानव सशक्तिकरण: चुनौतियाँ और भविष्य की संभावनाएँ" विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ए.आई. के बढ़ते प्रभाव के बीच मानव कौशल, नैतिक मूल्यों और रोजगार के बदलते स्वरूप पर गंभीर विमर्श करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति गुणवाल ने देश-विदेश से जुड़े शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और विद्यार्थियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि आईएएस वैशाली शर्मा, आयुक्त नगर निगम करनाल ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव का विकल्प नहीं, बल्कि सहयोगी है। उन्होंने युवाओं से नई तकनीकों को सीखने और जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ताओं ने रोजगार में परिवर्तन, डेटा सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में ए.आई. की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि भविष्य में मानव और मशीन मिलकर कार्य करेंगे, इसलिए तकनीकी दक्षता के साथ नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व आवश्यक है।

कॉलेज निदेशक नितेश गुप्ता ने डिजिटल शिक्षा की उपयोगिता पर बल दिया, जबकि प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रिजवान ने कहा कि ए.आई. सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन सकती है। अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।




*एमएसपी से कम दामों पर खरीद से किसानों को नुकसान*

# सरसों की सरकारी खरीद जल्द शुरू की जाए : बहादुर



**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने प्रदेश सरकार से सरसों की सरकारी खरीद तुरंत शुरू करने की मांग उठाई है। यूनियन का कहना है कि किसान अपनी सरसों की फसल मंडियों में लेकर पहुंच चुके हैं, लेकिन अभी तक सरकारी खरीद प्रारंभ नहीं होने से उन्हें औने-पौने दामों पर फसल बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने बताया कि सरकार द्वारा सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जबकि प्रदेश की मंडियों में व्यापारी 5000 से 5200 रुपये प्रति क्विंटल तक ही खरीद कर रहे हैं। इससे किसानों को प्रति क्विंटल लगभग 1000 से 1200 रुपये तक का नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर किसानों को गेहूं और धान के अलावा अन्य फसलों की ओर प्रोत्साहित करती है, लेकिन जब किसान वैकल्पिक फसल उगाकर मंडी में लाता है तो उसे उचित मूल्य नहीं मिलता। बहादुर मैहला ने मांग की कि दो मार्च से सरसों और तोरिया की सरकारी खरीद एमएसपी पर शुरू की जाए।

# विज्ञान में महिलाओं की भागीदारी जरूरी : शर्मा

**केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस वर्ष का विषय "विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की उत्प्रेरक" रखा गया, जिसके माध्यम से अनुसंधान, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश को नई दिशा दे रही है। उन्होंने छात्राओं को शोध और नवाचार की राह पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों की छात्राओं ने अपने तैयार किए गए मॉडल प्रस्तुत किए।



करनाल। श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव में भक्ति रस की अविरल धारा

### सम्मानित किया

उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में छात्राओं की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार स्पष्ट रूप से दिखाई दिए।

### आगे बढ़ने का संदेश

कार्यक्रम के दौरान महिला वैज्ञानिकों के योगदान और नवीन वैज्ञानिक उपलब्धियों पर आधारित एक वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया, जिसने छात्राओं को प्रेरित किया। संयोजिका डॉ. मंजू सिंह के निर्देशन तथा आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. कवलजीत विर्दी, डॉ. श्वेता धवन, डॉ. नादिया चौहान और डॉ. साक्षी अनेजा के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में छात्राओं को विज्ञान और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रेरक संदेश दिया गया।

*सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन*

# ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को नियमित करने की उठाई मांग



**करनाल।** ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति के बैनर तले फव्वारा पार्क में सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता सुभाष प्रोचा और जोगिंद्र कुमार ने की, जबकि संचालन राजकुमार ने किया। सभा में हरियाणा के सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। इसके बाद प्रदर्शन करते हुए जिला सचिवालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। मुख्य वक्ता के रूप में सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने कहा कि सरकार ठेका प्रथा को बढ़ावा देकर कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि कच्चे सफाई कर्मचारियों और सीवर कर्मियों को उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नियमित किया जाए तथा ठेका प्रणाली समाप्त की जाए। उन्होंने मांग रखी कि घोषित 26 हजार और 27 हजार रुपये वेतन को एरियर सहित लागू किया जाए, कर्मचारियों का कम से कम 50 लाख रुपये का बीमा हो, पुरानी पेंशन नीति बहाल की जाए।

**धार्मिक** | **श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन आरती किशोरी ने दिए प्रवचन**

# सुदामा चरित्र व भागवत विश्राम का मार्मिक वर्णन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ तरावड़ी

नगर के नगरपालिका रोड स्थित धर्मशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास आरती किशोरी ने सुदामा चरित्र एवं भागवत विश्राम के प्रसंग का भावपूर्ण एवं विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया। कथा व्यास ने सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की अटूट मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा जी अत्यंत निर्धन होते हुए भी भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा और सच्ची भक्ति रखते थे। जब वे द्वारिका पहुंचे तो भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बाल सखा को दूर से ही पहचान लिया और प्रेमपूर्वक दौडक़र उन्हें गले लगा लिया। उन्होंने स्वयं सुदामा के चरण धोए, उनका आदर-सत्कार किया और उन्हें सिंहासन पर बिठाकर पूजा-अर्चना की। इस प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि भगवान भाव के भूखे होते हैं, धन-दौलत के नहीं। सच्चे प्रेम और निष्कपट भक्ति से ही भगवान को पाया जा सकता है। सुदामा द्वारा लाए गए चावलों को भगवान ने अत्यंत प्रेम से ग्रहण किया और उनकी दरिद्रता को समाप्त कर दिया। कथा के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और श्री राधे-श्याम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। आज की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने शिरकत की और कथा व्यास किशोरी का सम्मान किया। व उपस्थित जनसमूह को सात दिन की कथा सुनने मौका मिला व भी बधाई के पात्र है।





### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कथा आयोजक संजय बंसल,अनिल गर्ग, विशाल गर्ग, कृष्ण चन्द सिंगला, रिशी बंसल, प्रदीप बंसल, अनिरूद्ध बंसल, मंथन बंसल, सुरेंद्र बंसल, अशोक बंसल, सुशील कुमार गुप्ता, वेद सलूजा, रंजीत भारद्वाज,रोशन लाल गुप्ता, बृजमोहन गर्ग, हंसराज पाहुजा, यशपाल शर्मा, मदन लाल कक्कड़, संदीप गुप्ता, विपिन छाबड़ा, सचिन गर्ग, केवल मोगा, राजेश जैन सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं।

# भाकियू के बैनर तले आंदोलन की रणनीति

- रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर धरना 23वें दिन में

हरिभूमि न्यूज, करनाल।

करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले चल रहा धरना 23वें दिन में प्रवेश कर गया। किसानों ने एनएचएआई व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। धरने की अध्यक्षता किसान नेता रणजीत सिंह जलमाना ने की। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद प्रशासन ने अब तक समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

धरनास्थल पर किसान हुक्का गुड़गुड़ाते हुए आपस में आगामी रणनीति पर चर्चा करते नजर आए। उनका कहना है कि जब तक सर्विस लेन की मांग पूरी नहीं होती, धरना जारी रहेगा।



### कल होगी जिला स्तरीय बैठक

आंदोलन की समीक्षा और आगे की रणनीति तय करने के लिए कल जिला स्तरीय बैठक बुलाई गई है, जिसमें विभिन्न गांवों के किसान नेता भाग लेंगे।

## कृष्ण लाल पंवार ने नारियल फोड़ कर किया कार्य का शुभारंभ

# पानीपत से जींद की सीमा तक असंध रोड को किया जाएगा फोरलेन : पंवार

### सड़कों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 184.44 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



पानीपत। नारियल फोड़कर सड़क निर्माण का शुभारंभ करते हुए मंत्री कृष्ण पंवार । फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के अथक प्रयासों से जिला पानीपत में अनेकों विकास के कार्य प्रगति पर है। इसी कड़ी में उन्होंने पानीपत से जींद तक सड़क बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग से स्वीकृति दिलवाने में विशेष प्रयास किए और उन्होंने आज गांव शौदापुर में निर्माणकार्य का शुभारंभ किया। इन सड़कों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 184.44 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पानीपत से जींद तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसमें पानीपत से दरियापुर मोड तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। इस फोरलेन हिस्से को बनाने में 86.96 करोड़ की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित एजेंसी के प्रतिनिधियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि सामग्री में गुणवत्ता को लेकर कोई भी समझौता नहीं होगा। सड़क को बनाते समय लोगों के आवागमन का भी ख्याल रखें। पंवार ने कहा कि यह लोगों की बहुत समय से लंबी मांग थी और सामग्री उच्च स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में विकास जोरों पर है।

#### विभाग को 25.26 करोड़ रुपये की राशि जारी

पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि दरियापुर मोड से लेकर जींद तक 10 मीटर की सड़क बनाई जाएगी और यह सड़क जिला जींद का हिस्सा रहेगी। इस रोड को बनाने में 92 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बिजली के खंभे शिफ्ट करने और फॉरेस्ट विभाग को 25.26 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। पंचायत मंत्री ने बताया कि यह सड़क जिस-जिस गांव को कवर करेगी उन सभी गांवों में आवश्यकतानुसार पानी की निकासी के लिए ड्रेन बनाने का भी प्रावधान किया जाएगा। कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि यह सड़क 24 महीने में फोरलेन बनकर तैयार हो जाएगी और इसका टेंडर सर्वोदय एजेंसी को दिया गया है।

#### ये रहे मौजूद

मंत्री कृष्ण पंवार के पुत्र अनिल पंवार, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सुमित पन्नू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## हीरो ने राइड सेफ इंडिया के साथ सड़क सुरक्षा को बढ़ावा दिया



■ रैली में 150 महिला राइडर्स ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हीरो मोटोकॉर्प, दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी, ने हरियाणा पुलिस और राहगिरी फाउंडेशन के साथ मिलकर गुरुग्राम में शीराईड्सफ़ॉरसेफ्टी वुमंस नाइट रैली का आयोजन किया। इस रैली को डॉ. अर्पित जैन, पुलिस उपायुक्त डॉ. राजेश मोहन, उपायुक्त ट्रैफिक पुलिस, हीरो मोटोकॉर्प के वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल बिजनेस एंड प्रोडक्ट प्लानिंग, संजय भान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्टेशन हाउस ऑफिसर सोनिया तथा महिला पुलिस बल ने भी इस अवसर पर शुभकामनाएं दी। जबकि इस रैली में 150 महिला राइडर्स ने भाग लिया। इधर, कार्यक्रम में चोदह महिला ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को भी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। वहीं गुरुग्राम पुलिस मुख्यालय के उपायुक्त डॉ. अर्पित जैन ने कहा, "राइड सेफ इंडिया जैसी पहलें सड़क सुरक्षा पर हम हीरो मोटोकॉर्प के साथ मिलकर एक सुरक्षित, अधिक समावेशी सार्वजनिक स्थान बनाने पर हैं।

#### सुरक्षित गतिशीलता सच्चे सशक्तिकरण के लिए बुनियादी जरूरत

हीरो मोटोकॉर्प की हेड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं सीएसआर, लतिका तनेजा ने कहा कि हमारी राइड सेफ इंडिया मुहिम के माध्यम से आयोजित वुमंस रैली पर कहा कि सुरक्षित गतिशीलता सच्चे सशक्तिकरण के लिए बुनियादी जरूरत है, क्योंकि जब महिलाएं स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से आगे बढ़ती हैं, तो समाज भी तरक्की करता है।

## काबड़ी में हिंदू सम्मेलन आज : सत्यवान प्रजापति

पानीपत। गांव काबड़ी में आज 1 मार्च को प्रातः 9 से 11 तक ऑटो स्टैंड के नजदीक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय संत पूज्य परशुराम जी महाराज का सानिध्य रहेगा। यह जानकारी देते हुए प्रजापति कुम्हार महासभा के जिला प्रधान सत्यवान प्रजापति काबड़ी ने बताया कि हिंदू सम्मेलन का आयोजन काबड़ी के ग्रामीणों द्वारा कराया जा रहा है। इसके संयोजक पवन कुमार होंगे। उन्होंने आस-पास के हिंदुओं से आह्वान किया कि वह इस सम्मेलन में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा कार्यक्रम के उपरांत लंगर में प्रसाद ग्रहण करे पुण्य के भाग बने।



पानीपत। पौधरोपण करते ग्रीनमैन प्रो .दलजीत कुमार व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## होली पर ग्रीनमैन प्रो.दलजीत का हरित संदेश, कॉलेज में 100 पौधे रोपे

पानीपत। होली पर देश बंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय के हर्बल बॉटनिकल गार्डन में पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। पर्यावरण प्रेमी ग्रीनमैन असिस्टेंट प्रो.दलजीत कुमार ने इको क्लब के विद्यार्थियों के साथ परिसर में 100 से अधिक हर्बल, फलदार एवं पुष्पीय पौधों का रोपण कर विद्यार्थियों को ग्रीन होली मनाने का संदेश दिया। ग्रीनमैन ने बताया कि पौधारोपण अभियान के अंतर्गत पौधे लगाए गए हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सुभाष चंद्र जागलान ने प्रो.दलजीत कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि सकारात्मक बदलाव का अवसर भी है। प्रो.दलजीत कुमार ने कहा कि यदि हर व्यक्ति हर त्योहार पर एक पौधा लगाए तो पर्यावरण संरक्षण एक जनआंदोलन बन सकता है। हर्बल पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी अमूल्य हैं।

## बलराज खर्ब की सेवानिवृत्ति पर सीएचसी ददलाना में विदाई समारोह

पानीपत। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददलाना में खंड विस्तार शिक्षक बलराज खर्ब के रिटायर होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में डॉक्टर एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा बलराज खर्ब को प्रतीक चिन्ह, पगड़ी, शाल और माला भेंटकर सम्मानित किया गया। मेडिकल ऑफिसर डॉ.नीरज शर्मा, डॉ.शुभांकर और डॉ.सुकरमपाल ने कहा कि आज बलराज खर्ब के विदाई में दिल खुश भी है और दुखी भी है। सरपंच प्रतिनिधि चरणजीत राणा ने कहा कि बलराज खर्ब को सीएचसी में काम करवाने की लग्न रहती थी। वहीं बलराज खर्ब ने कहा कि व्यक्ति जिस दिन नौकरी ज्वाइन करता है उसी दिन से उसके रिटायरमेंट का समय निर्धारित कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आपसे दूर होने का गम मुझे भी है परंतु जब भी आप लोग मुझे याद करेंगे मैं आपके बीच में हूंगा। इस अवसर पर केहर सिंह रावत विधायक हथीन, एमएलसी संजय लाठर, एसएमओ डॉ.पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। बलराज खर्ब को सम्मानित करते सरपंच प्रतिदिन चरणजीत राणा व अन्य।



पानीपत। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते आयोजक

## एसडी कॉलेज में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का समापन

पानीपत। एसडी पीजी कॉलेज के विज्ञान संकाय के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आज समापन हो गया। जिसके अंतिम दिन विज्ञान प्रश्नोतरी, डॉ.सीवी रमन मेमोरियल लेक्चर तथा पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान दिनेश गोयल और उप.प्रधान राजीव गर्ग ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए। साइंस क्विज में एसडी पीजी कॉलेज के राहुल, शिवम और अंकित की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। डॉ.सीवी रमन मेमोरियल लेक्चर प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने दिया। उनके साथ भौतिक विभाग के अध्यक्ष डॉ.बलजिंदर सिंह, प्रो.प्रवीण आर खेरडे, डॉ.मुकेश पुनिया, प्रो.संजय चोपड़ा, डॉ. प्रियंका चांदना, डॉ.राहुल जैन, डॉ.रवि रघुवंशी, प्रो.मयंक अरोड़ा, प्रो.प्रवीण कुमारी, डॉ बिंदु रानी, प्रो.प्रोमिला आदि कार्यक्रम का हिस्सा बने। डॉ.अनुपम अरोड़ा जो स्वयं भौतिक विज्ञान विषय के विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और शोधार्थी है और जिन्हें इस विषय से विशेष रूप से लगाव है ने बीएससी, बीसीए एवं एमएससी के छात्र.छात्राओं से बातचीत की और उनकी भविष्य की योजनाओं तथा सर सीवी रमन द्वारा किये गए कार्यों एवं उपलब्धियों पर पॉवर पॉइंट के माध्यम से चर्चा की।

## खबर संक्षेप



पानीपत। होली उत्सव में भाग लेते नन्हें बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### स्कूल में रंगों भरा होली उत्सव आयोजित

पानीपत। सेक्टर 6 स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल में होली के उपलक्ष्य में प्राकृतिक रंगों और उमंग से भरपूर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रमुख आकर्षण गतिविधियों में गुब्बारे बलून फोड़ो,प्राकृतिक रंगों का धमाका, शामिल रही। कुछ गुब्बारों में सरप्राइज पुरस्कार भी छिपे थे, जिससे बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया। प्राकृतिक रंगों का मिस्ट्री बॉक्स गतिविधि में विद्यार्थियों ने बिना देखे बॉक्स के अंदर रखी वस्तु जैसे गुलाल पैकेट, पिचकारी, फूलों की पंखुड़ियां आदि को केवल स्पर्श के आधार पर पहचानने का प्रयास किया। विद्यालय के अध्यक्ष पवन गर्ग ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है।



### विधायक भड़ाना ने बांटे सूर्य घर योजना के चेक

पानीपत। ब्लूजे टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में बिजली निगम द्वारा आयोजित समारोह में विधायक मनमोहन भड़ाना ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 18 लाभार्थियों को कुल 7 लाख 65 हजार रुपये की सब्सिडी के चेक वितरित किए। उन्होंने ग्रामीणों को सोलर ऊर्जा के लाभों के प्रति जागरूक किया और अधिक से अधिक लोगों से योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। विधायक भड़ाना ने कहा कि सूर्य ऊर्जा असीमित और निःशुल्क स्रोत है।यदि हम इसके पूरे पोटेंशियल का उपयोग करें तो पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम हो सकती है। इस मौके पर भड़ाना के निजी सचिव विजय शेखर, सचिव शारिक, पार्षद सुरेश झंडा, रेनू धीमान, जेई कुलदीप व राकेश अहलावत आदि मौजूद रहे।



पानीपत। प्रतियोगिता का गुब्बारे उड़ाकर शुभारंभ करते अतिथि व आयोजक

## खिलाड़ियों के जोश से गूंजा आर्य कॉलेज प्रतियोगिता में दिखा कड़ा मुकाबला

पानीपत। आर्य पीजी कॉलेज में आज 70 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने हुनर की चमक बिखेरी और शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। मुख्यतिथि आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शिंगला, विशिष्ठ अतिथि कॉमनवेल्थ खेलों में कांस्य पदक विजेता व वर्तमान में रोहतक में पुलिस सब.इंस्पेक्टर सुमन कुंडू, स्पॉर्टस फिटनेस ट्रेनर डॉ.परमजीत सिंह व आर्य कॉलेज के उपाध्यक्ष विरेंद्र शिंगला और कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य ने शिरकत की। कॉलेज प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छों व स्मृति चिन्ह से स्वागत किया। विजेता खिलाड़ियों को समापन समारोह में सम्मानित भी किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण व विभाग के सभी प्रशिक्षकों को बधाई दी। मंच संचालन डॉ. हिंदी विभाग के प्राध्यापक विजय सिंह ने किया। वहीं कॉलेज के प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शिंगला ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता व महाविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।

## डॉ.सतवीर सिंह ने संभाला आईबी कॉलेज के प्राचार्य का पद

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ.सतवीर सिंह ने आज प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधक समिति की गरिमामयी उपस्थिति रही। उसके पश्चात प्रबन्धक समिति, महाविद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग ने डॉ. सतवीर सिंह का स्वागत और अभिनंदन किया। महाविद्यालय के उप.प्रधान बलराम नंदवानी ने नवनियुक्त प्राचार्य का स्वागत करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से हम इस संस्था को शिक्षा, नैतिकता और सामाजिक सहभागिता के उच्चतम स्तर पर ले जाने की कोशिश करेंगे। महासचिव एलएन मिगलानी ने भी डॉ.सतवीर सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि हम महाविद्यालय के सर्वामुखी विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और हम आशा करते हैं कि आप के कुशल नेतृत्व में हमारा यह संस्थान निरन्तर नए आयाम छूने की ओर अग्रसर रहेगा। प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने नव नियुक्त प्राचार्य के हर प्रयास को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के आईबीएल एजुकेशनल सोसाइटी उपप्रधान परमवीर ढींगरा, सचिव रवि गोसाई, कोषाध्यक्ष रमेश नागपाल, आईबीएल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक युधिष्ठिर मिगलानी, पूर्व प्राचार्य एवं कुलसचिव दीनबंधु छोटू राम विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय डॉ.अजय कुमार गर्ग एवं आईबी महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।





## होली महोत्सव में श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु

पानीपत। बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा आज प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए दो बसें रवाना की गई। मुख्य अतिथि बिजली बोर्ड के एसडीओ अंकुश गर्ग व उनकी धर्मपत्नी नैनसी गर्ग ने नारियल फोड़कर बस रवाना की। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में डा.प्रवेश मलिक, अग्रवाल वैश्य पंचायत के प्रधान काकू बंसल, डा.वंदन, डा.सुरेंद्र, हरियाणा पत्रकार संघ के प्रधान विनोद पांचाल, मोहन लाल, धर्मेद्र इंसा, रहे। अतिथियों का फूल माला से स्वागत व पटका, पगड़ी तथा श्री श्याम बाबा का प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया। बाबा श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष पवन कंसल ने बताया कि बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा हर महीने की चान्दन की द्वादशी को सभी श्याम भक्तों को निःशुल्क दर्शन करवाती है। यहां एक होली महोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें राधा कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। मंच संचालन मदन आजाद ने किया। इस अवसर पर गोपाल सैनी, अजय ठाकुर, संस्था के वकील ललित मितल, राकेश मितल, अंकित कंसल आदि मौजूद रहे।



### होली महोत्सव के तहत निकाली महाकाली पालकी यात्रा

पानीपत। तहसील कैंप के सुभाष नगर स्थित श्री दुःख भंजन दरबार में आज संत आनंद प्रकाश जी महाराज की अध्यक्षता में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम के प्रथम दिन आज श्री महाकाली जी की भव्य पालकी शोभायात्रा कोहंड स्थित श्री दुःख भंजन दरबार से ढोल नगाडों व शहनाईयों की गूंज के साथ पानीपत दरबार में पहुंची। रास्ते में जगह-जगह पालकी यात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। टोल प्लाजा से होती हुई बरसत रोड पर पांचाल अस्पताल के बाहर स्वागत व जलपान कराया गया। स्वागत करने वालों में हरियाणा पत्रकार संघ के प्रधान विनोद पांचाल, श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा गोहान रोड के प्रधान राजकुमार पांचाल, रविंद्र पांचाल, मोहन लाल, प्रवीण पांचाल, अमित पांचाल आदि शामिल रहे।



### आधुनिक और विकसित शहर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम : मेयर कोमल सैनी

पानीपत। मेयर कोमल सैनी ने आज लघु सचिवालय में आयोजित नगर निगम सदन में नगर निगम पानीपत का वार्षिक बजट प्रस्तुत करते हुए इसे जनता की उम्मीदों, शहर के विकास और बेहतर नागरिक सुविधाओं को समर्पित बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट पानीपत को आधुनिक, स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि नगर निगम का यह बजट सबका साथ सबका विकास की भावना से प्रेरित होकर तैयार किया गया है। जिसमें शहर के सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के विकास को प्राथमिकता दी गई है।

### विद्यार्थियों ने निकाली प्लास्टिक जागरूकता रैली

पानीपत। गांव निजामपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लास्टिक बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यार्थियों, शिक्षकों के साथ-साथ समाज सेविका सविता आर्या और एसएमसी के सदस्यों ने भी भाग लिया। सभी ने प्लास्टिक छोड़ो, पर्यावरण बचाओ, धरती करे यही पुकार, प्लास्टिक से करों इंकार जैसे नारे लगाए और लोगों को कपड़े के थैले अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ.करिश्मा ने बच्चों को बताया कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे भूमि, जल और वायु प्रदूषण बढ़ता है। उन्होंने सभी को कपड़े व जूट के थैले अपनाने की सलाह दी। शिक्षक सुरेंद्र राठी ने प्लास्टिक से होने वाली बीमारियों और पर्यावरण पर इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

**गठन** नई कार्यकारिणी के गठन पर सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं

# भूपेंद्र दीक्षित बने आईसीएआई चेप्टर के अध्यक्ष

■ शाखा के नवनिर्वाचित प्रधान का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आईसीएआई पानीपत चेप्टर के नव निर्वाचित अध्यक्ष भूपेंदर दीक्षित का स्वागत करते चार्टेड अकाउंटेंट्स।

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी के चुनाव में सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 के लिए सीए भूपिंदर दीक्षित को अध्यक्ष चुना गया। जबकि सीए जितेंद्र बांगा उपाध्यक्ष, सीए रजनी गोयल सचिव, सीए दीपक गोयल कोषाध्यक्ष, सीए कंवरदीप सिंह, एनआईसीएएसएके चेयरमैन,सीए सोनू गोयल इमीडिएट पास्ट चेयरमैन नेनवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए भूपिंदर दीक्षित ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे शाखा के सदस्यों के सहयोग से व्यावसायिक उत्कृष्टता, सतत शिक्षा कार्यक्रमों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देंगे। नई कार्यकारिणी के गठन पर शाखा के सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। जबकि शाखा प्रभारी ममता प्रजापति ने शाखा के सभी कर्मचारियों के साथ मिलकर शाखा के नवनिर्वाचित प्रधान सीए भूपिंदर दीक्षित का स्वागत किया।

#### टीम समर्पित भाव से करेगी कार्य

भूपिंदर दीक्षित ने आश्वासन दिया कि पानीपत शाखा को क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी टीम समर्पित भाव से कार्य करेगी। मैनेजमेंट हर कदम पर अपने सभी मेंबर के साथ खड़ी होगी।

#### इन्होंने दी बधाई

सीए जोगिंदर पाल, राहुल खुराना, मुकेश असीजा, गोविंद सैनी, चिरंजीवी सोढ़ी, मुकेश शर्मा, जसबीर दहिया, सुधीर शर्मा, परवीन बंसल, प्रदीप तायल, वीरेंद्र गोयल, रमन मान, अजय वर्मा, मुकेश टुटेजा, दविंदर कपूर, अरुण मेहता, जसबीर डांग और मुकेश मित्तल ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी।

*सात नए सेक्टरों के विकास के लिए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री का जताया आभार*

# अंबाला कैंट के विकास को मिलेगी नई उड़ान, एक हजार एकड़ में बसेंगे सात नए सेक्टर, रिंग रोड तक फैलेगा अंबाला कैंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट के विकास को नई उड़ान मिलने जा रही है। राज्य सरकार की ओर से यहां एक हजार एकड़ में सात नए सेक्टर बसाने की घोषणा की है। इसके लिए जमीन अधिग्रहण करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी की जनता को इस सौगात की खुशखबरी दी है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के सात नए सेक्टर विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे न केवल शहर का दायरा बढ़ेगा बल्कि रिहायशी सुविधाओं में भी जबरदस्त सुधार होगा। इसके साथ ही भविष्य में अंबाला महानगर का विस्तार ले लेगा। मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में सात नए सेक्टर विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ढांचागत विकास प्रगति कार्य को नई रफ्तार दे रही है जोकि सराहनीय कदम है।

## इससे न केवल शहर का दायरा बढ़ेगा बल्कि रिहायशी सुविधाओं में भी जबरदस्त सुधार होगा

**नए सेक्टरों में होगी ढांचागत सुविधाएं, ई-भूमि पोर्टल पर आवेदन शुरू**


अंबाला। अंबाला छावनी के विकासित एरिया को देखते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

## इन गांवों में विकसित होंगे सात सेक्टर

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि अंबाला छावनी विधानसभा और उसके साथ लगते गांवों घसीटपुर, बुहावा, शाहपुर, ब्राह्मण माजरा, करधान, सरसेहड़ी, चंदपुरा, मच्छौंडा, उगाड़ा, दुखेड़ी, सलारहेड़ी, रवालों, मंगलई, सम्भालखा में लगभग एक हजार एकड़ क्षेत्रफल में सात नए सेक्टर विकसित होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा ई-भूमि पोर्टल आगामी दो महीने यानि 30 अप्रैल 2026 तक आवेदन करने के लिए खुला है। उन्होंने कहा भूमि मालिक सेक्टर विकसित करने हेतु पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अंबाला छावनी में इस क्षेत्रफल में जो सेक्टर बनेंगे उनमें सेक्टर 27, सेक्टर 28, सेक्टर 36, सेक्टर 40, सेक्टर 40-ए, सेक्टर 41-ए और सेक्टर 42 होगा। प्रस्तावित नए सेक्टरों में रिहायशी, ओपन स्पेस, कमर्शियल, ट्रांसपोर्ट व कम्यूनिकेशन, इंडस्ट्रियल प्लेस होंगे। विज ने कहा कि सात नए सेक्टरों के बनने से अंबाला छावनी महानगर बन जाएगा जिसका रिंग रोड तक विस्तार होगा। छावनी के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। अंबाला में रिंग रोड के निर्माण के मद्देनजर बीते वर्ष ही मंत्री अनिल विज ने प्रदेश सरकार से अंबाला छावनी में एचएसवीपी के नए सेक्टरों विकसित करने को पत्र लिखा था। इसी संदर्भ में अधिकारियों के साथ बैठकें भी की थी। उन्होंने कहा था कि अंबाला में रिंग रोड का निर्माण चल रहा है। छावनी का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा था कि रिंग रोड के किनारे उन जगहों का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण किया जाना चाहिए जहां एचएसवीपी के सेक्टर विकसित किए जा सकते हैं। सरकार ने नए सेक्टरों के लिए जमीन जुटाने की प्रक्रिया पारदर्शी बनाई है। ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से जमीन ली जा रही है। किसान या भू-स्वामी जो स्वेच्छा से अपनी जमीन सरकार को बेचना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप

### नकदी चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी करने के मामले में पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी सन्नी सिंह को गिरफ्तार कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। पीड़ित महिला ने 21 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 मई 2025 को आरोपियों ने घर से उसके व उसकी पुत्री के सोना-चांदी जेवरात व नकदी चोरी की है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### धोखाधड़ी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने सात लाख 25 हजार की ऑनलाइन ठगी करने के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 15 हजार की नकदी भी बरामद की है। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि एक सितंबर 2025 गांव खापड़ निवासी महेश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि उसके साथ वहाट्सअप के माध्यम से अज्ञात व्यक्तियों ने पहले बैंक खाते में विदेशी राशि जमा होने का झांसा दिया और फिर कानूनी कार्रवाई का भय दिखा सात लाख 25 हजार रुपये की साइबर ठगी कर दी।

### धोखाधड़ी कर प्लाट हड़पा, चार पर केस

**जींद।** धोखाधड़ी कर प्लाट हड़पने धमकी देने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

## गांव में विकास कार्यों व स्वामी विवेकानंद उत्थान समिति को 21-21 लाख देने का ऐलान

# सीएम नायब सैनी ने किया स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

**बोले : विवेकानंद सिर्फ एक संत नहीं बल्कि देश की सोई राष्ट्रीय चेतना को जगाने वाले युगपुरुष थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गांव कड़ासन में शनिवार को सीएम नायब सैनी ने महान आध्यात्मिक विभूति स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं बल्कि देश की सोई हुई राष्ट्रीय चेतना को जगाने वाले युगपुरुष थे। उनकी प्रतिमा केवल पत्थर की मूर्ति नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति का जीवंत प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी कोई युवा इस प्रतिमा को देखेगा, उसे यह स्मरण होगा कि जीवन का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा भी है। कोई भी बालक जब यहां आएगा तो उसके मन में यह जिज्ञासा अवश्य जगेगी कि स्वामी विवेकानंद कौन थे और यही जिज्ञासा उसे उनके महान जीवन और विचारों से परिचित कराएगी। सीएम ने स्वामी विवेकानंद उत्थान समिति को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गांव कडासन में विकास कार्यो के लिए 21 लाख रूपए तथा स्वामी विवेकानंद उत्थान समिति को भी 21 लाख रूपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर विवेकानंद उत्थान समिति के प्रधान एवं हरियाणा के अतिरिक्त एडवोकेट जनरल जसवीर सिंह तथा समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने मुख्यअतिथि को सम्मान का प्रतिक पगडी, धार्मिक ग्रंथ श्रीमद्भगवद गीता व वाल्मीकि रामायण सहित स्मृति चिह्न व स्वामी विवेकानन्द का चित्र व शॉल भेंटकर भव्य अभिनंदन भी किया।



शहजादपुर। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करते सीएम नायब सैनी व मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि वर्ष 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद का अमेरिका के भाइयो और बहनों से प्रारंभ हुआ संबोधन भारतीय इतिहास का गौरवशाली क्षण था। उस भाषण ने विश्व पटल पर भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक शक्ति का डंका बजा दिया। उन्होंने कहा कि 19वीं शताब्दी में जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति का परचम विश्व में लहराया। उसी प्रकार आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का गौरव वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। युवाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। उनका विश्वास था कि यदि उन्हें 100 ऊर्जावान और चरित्रवान युवा मिल जाएं तो वे देश की तस्वीर बदल सकते हैं। प्रदेश सरकार भी युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा, खेल, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

### अब तक 634 करोड़ की राशि वितरित

महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद नारी शक्ति के प्रबल समर्थक थे। हमारी सरकार भी माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख रूपए है, ऐसे लगभग 9 लाख 22 हजार से अधिक बहनों को प्रतिमाह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है और अब तक 634 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि सकंल्प पत्र के तहत 60 सकंल्प को पूरा कर लिया गया है तथा 120 संकल्प पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर से एचपीवी वैक्सीन को लांच किया है। और उन्हें भी वर्चुअली माध्यम से लाडवा में इससे जुडने का मौका मिला है। प्रदेश में भी इस पर तेजी से कार्य किया जाएगा, 14 साल से उपर की जो किशोरियां है।

**योग्यता के आधार पर दो लाख को रोजगार**

सीएम बताया कि पिछले एक वर्ष में 34 हजार युवाओं को सरकारी सेवाओं में शामिल किया गया है तथा पिछले 11 वर्षों में बिना खर्ची-बिना पर्ची के 2 लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार प्रदान किया गया है। सीईटी परीक्षा के लिए विद्यार्थियों के लिए बेहतर व्यवस्था की गई थी और युवाओं को परीक्षा के तहत किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आई। पारदर्शी आयोजन में 13 लाख युवाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से युवाओं को देश-विदेश में वैध माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, आरटीआई कमिश्नर डॉ. जगबीर सिंह, जिला प्रधान मनदीप सिंह राणा, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसपी अजीत शेखावत, एसडीएम शिवजीत भारती, डॉ. यशवीर राघव, जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, कर्मचंद गोल्डी, , डॉ. सुखवीर सिंह, गुरनाम, प्रवीण, दीनदयाल, संतराम, रमेश पाल नोहनी, जसबीर उत्सव, विक्की, संदीप, कुलदीप, रामदास, गौतम, रणधीर सिंह भुरेवाला, पवन गुज्जर, नरेंद्र राणा कुराली, गोपाल मित्तल, जसविंद्र बख्तुआ व संजीव गुर्जर धनाना, गुरनाम गुर्जर, दामोदर, शामलाल कडासन, पवन सैनी कड़ासन, रामबीर प्रजापत, सुनिल कुमार, कुलदीप, दलबीर राणा भद्दौली, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को गांव के बुजुर्गो ने वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि करने पर हरियाणा की लोक संस्कृति के प्रतिक हुक्का भेंटकर व सम्मान का प्रतिक पगडी पहनाकर उन्हें आर्शीवाद प्रदान किया।

### किया सम्मानित

समिति की ओर से मुख्यमंत्री द्वारा गांव के स्कूलों के प्रिंसिपल को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा समिति के ओर से गांव के पूर्व सरपंच गुलशन सैनी, रामेश्वर, गुरमीत के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। समिति द्वारा वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को पुस्तक एवं छात्रवृति एव फीस आदि की व्यवस्था करने के अलावा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह पर आर्थिक सहयोग प्रदान करना, नशे के विरूद्ध युवाओं को जागरूक करने सहित अन्य समाजहित में कार्य करवाएं जा रहें है।

## पशुपालन विभाग में 3963 पद खाली, स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

- मंत्री से जानकारी मिलने के बाद विधायक ने प्रदेश सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग में चिकित्सकों और कर्मचारियों की भारी कमी को लेकर सदन से लेकर सड़क तक मुद्दा गरमा गया है। विधायक पूजा द्वारा लगाए गए तारांकित प्रश्न के जवाब में पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने सदन में स्वीकार किया कि विभाग में स्वीकृत 10,951 पदों में से 3,963 पद खाली पड़े हैं। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान 2200 स्वीपर, 17 स्टेनोग्राफर/टाइपिस्ट और 22 क्लर्क के पदों की भर्ती के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को मांग पत्र भेजा जा चुका है। 17स्टेनोग्राफर/टाइपिस्ट पदों के लिए आयोग द्वारा विज्ञापन भी जारी किया जा चुका है, जबकि शेष 1,724 रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया अभी विचाराधीन है। विधायक पूजा ने कहा कि पशु चिकित्सकों (वीएलडीए) और सहायक कर्मचारियों की भारी कमी के कारण प्रदेश के पशुपालक बदहाल है।


विधानसभा में बात रखते हुए विधायक पूजा।

## पॉवर प्वाइंट प्रतियोगिता की विजेता रही बीएससी की छात्रा स्नेहलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर एस परमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-प्राचार्या डॉक्टर रेखा शर्मा ने की। डॉ. रेखा शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि विज्ञान जीवन में उन्नति के अवसर प्रदान करता है और विज्ञान के माध्यम से नई नई उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम 'वीमेन इन साइंसः कैटेलाइजिंग विकसित भारत' है, जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका और उनकी सक्रिय सहभागिता को रेखांकित करती है। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर शांत कौशिक ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को महान भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन द्वारा वर्ष 1928 में 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। इस खोज के लिए उन्हें वर्ष 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा स्नेहलता, द्वितीय स्थान बीए तृतीय वर्ष के छात्र अतिशय तथा तृतीय स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र राजवर्धन चौहान का रहा।


अंबाला। विजेताओं को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## मचा हड़कंपः 30 लोगों में मिले हेपेटाइटिस-ए के लक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव उगाला में पेयजल आपूर्ति को बड़ी लापरवाही सामने आ गई। एक ओर जन स्वास्थ्य विभाग गांव में स्वच्छ जल आपूर्ति के दावे कर रहा है, वहीं स्वास्थ्य विभाग की प्रयोगशाला रिपोर्ट में पानी पीने योग्य मानकों पर खरा नहीं उतरा। ताज़ा नमूनों में अशुद्धियों की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाए जाने के बाद गांव में हड़कंप और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार नियमित जल जांच के दावों के बीच हाल ही में लिए गए नमूनों में पानी असुरक्षित पाया गया। मामला बढ़ने पर स्टेट लेवल पर री-सैंपलिंग का निर्णय लिया गया और करनाल से आई टीम ने उगाला पहुंचकर दोबारा सैंपल लिए। ग्रामीणों का आरोप है कि वे लंबे समय से दूषित पानी पीने को मजबूर हैं और शिकायतों के बावजूद अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टालते रहे। स्वास्थ्य विभाग के एसएमओ डॉ. तरुण प्रसाद ने बताया कि 26 फरवरी तक लिए गए नमूनों में 30 लोगों में हेपेटाइटिस-ए के लक्षण पाए गए है।

### तुरंत जांच करवाएं

ग्रामीणों से अपील है कि पानी को उबालकर या फिल्टर कर ही पिएं। कटे-फटे और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों से परहेज करें तथा पीलिया या हेपेटाइटिस के लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं।
-डॉ तरुण प्रसाद, एसएमओ, बराड़ा।

## सभी 20 वार्डों की आरंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन

**अंबाला।** अंबाला शहर नगर निगम के सभी 20 वार्डों की मतदाता सूचियों का प्रकाशन कर दिया गया है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की अनुपालना में यह कार्रवाई की गई है। सभी वार्डों की आरंभिक मतदाता सूचियां वार्डों में निर्धारित किए गए वीआईसीसी सेंटरों में रखवा दी गई हैं। नगर निगम का कोई भी मतदाता अपनी वोट निर्धारित किए गए वीआईसीसी सेंटर पर जाकर देख सकता है। इसके अलावा सभी आरंभिक मतदाता सूचियां उपायुक्त कार्यालय व नगर निगम की वेबसाइट ambala.gov.in व mcambala.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है। अगर किसी मतदाता को मतदाता सूची पर कोई आपत्ति है तो वह 28 फरवरी से 7 मार्च तक वीआईसीसी सेंटर पर नियुक्त किए गए रिवाइजिंग ऑर्थोरिटी के पास जाकर आवेदन कर सकता है। उपायुक्त ने बताया कि मतदाता सूचना एवं सग्रह केंद्र स्थानों में वार्ड नंबर 1 के लिए अंबाला शहर के राजकीय मीडिल स्कूल देवी नगर, वार्ड नंबर 2 के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर, वार्ड नंबर 3 के लिए धूलकोट पॉवर स्टेशन, वार्ड नंबर 4 के लिए राजकीय कवमावि बलदेव नगर, वार्ड नंबर 5 के लिए श्री गीता नंद पब्लिक स्कूल वसंत विहार धूलकोट स्टेशन रोड अंबाला शहर, वार्ड नंबर 6 के लिए नगर निगम कार्यालय, वार्ड नंबर 07 के लिए कस्तुरबा गांधी स्कूल नाहन हाउस, वार्ड नंबर 8 के लिए डीएवी गर्ल्ज स्कूल काजीवाड़ा, वार्ड नंबर 9 के लिए एसए जैन कॉलेज अंबाला शहर शामिल है।

## सौ वर्षों की यात्रा में संघ की दशा बदली, दिशा नहींः सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत

# अगर हम नहीं देश के काम आए, धरा क्या कहेगी गगन क्या कहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने कहा कि संघ ने सौ वर्षों की यात्रा में अपनी दशा बदलीहै। दिशा नहीं बदली, उसी के भरोसे हमें समाज का विश्वास प्राप्त हो रहा है। संघ को खड़ा करने में सौ साल लगे और अनुकूलता तो पिछले 20 वर्षों से लगातार बढ़ रही है। परंतु उससे पहले का पूरा समय उपेक्षाऔर विरोध में बीता। उन्होंने कहा कि बहुत कठिन परिस्थितियों में स्वयंसेवकों को कार्य को आगे बढ़ाना पड़ा। डॉ. भागवत अंबाला शहर के पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मंच पर प्रांत संघचालक प्रताप सिंह, विभाग संघचालक रमाकांत और जिला संघचालक प्रदीप खेड़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने संघ के संस्कार और अनुकूल वातावरण में उत्पन्न होने वाले अहंकार के भाव से बचने के लिए पौराणिक कथाके माध्यम से समझाया। इसके साथ ही उन्होंने अपनी मां से अथाह प्रेम करने वाले तीन सगे भाइयों और एक रानी की कहानी भी सुनाई। दोनों प्रसंगों में उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि व्यक्ति अपने कार्य और उद्देश्य को फलीभूत करते समय किन विषयों पर ध्यान केंद्रित करे, ताकि उसके परिणाम केवल स्वयं के लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी हितकारी हों। उन्होंने कहा कि संघ ने भी सौ वर्षों की यात्रा में अपनी दशा बदली है दिशा नहीं बदली उसी के भरोसे हमें समाज का विश्वास प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब संघ के कार्यक्रम बड़े हो रहे हैं। यह सुखद दृश्य है। जो समाज की कृपा और हमारी मेहनत का फल है लेकिन हमें चिंतन भी करना होगा। अब और अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि लोग समीक्षा की दृष्टि से संघ को देख रहे हैं।यह इसलिए हो रहा है क्योंकि सौ वर्षों में हम एक विशिष्ट पद्धति, आचार-विचार और संस्कारों के साथ आगे बढ़े है।




कार्यक्रम में मौजूद सरसंघचालक व व स्वयंसेवक।

### एक हजार स्वयंसेवक उपस्थित रहे

इस कार्यक्रम में अंबाला शहर और अंबाला छावनी नगर के एक हजार से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। दो घंटे के इस कार्यक्रममें 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अपेक्षित स्वयंसेवकों एवं व्यवस्था में लगे अन्य 40 स्वयंसेवकों ने भागीदारी की। स्वयंसेवकों के लिए सरसंघचालक का यह हरियाणा प्रवास विशेष रहा, क्योंकि यहां 20 वर्ष पहले सरसंघचालक यहां के हिंदू सम्मेलन में पहुंचे थे। उसके बाद 27 फरवरी 2026 को यह अवसर आया जब वे 'द्विनगर तरुण स्वयंसेवक एकत्रीकरण' कार्यक्रम में पहुंचे। अंबाला शहर और अंबाला छावनी के स्वयंसेवकों में कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह रहा, क्योंकि एक हजार से अधिक अपेक्षित स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कार्यक्रम में शामिल हुए।